web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, सोमवार 21 अक्टूबर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 25

# सेना ने पाक को आतंकी कैंप ध्वस्त कर दिया करारा जवाब

## » सर्जिकल स्ट्राइक में 22 आतंकी व 5 पाक सैनिक ढ़ेर » पाकिस्तान ने माना भारतीय सेना ने नुकसान पहुंचाया



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तानी सैनिकों ने आज तड़के आतंकवादियों को भारतीय सीमा में प्रवेश करवाने की जीतोड़ कोशिश की। आतंकी घुसपैठ को कवर देने के लिए ताबड़तोड़ फायरिंग भी की। इसके जवाब में भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) स्थित आतंकवादियों के लॉन्च पैड्स को ही निशाना बनाना शुरू कर दिया।

सूत्रों के मुताबिक भारतीय सेना की इस कार्रवाई में पीओके में तीन आतंकी ठिकाने तबाह हो गए हैं। भारतीय सेना की गोलीबारी में 22 आतंकियों और 5 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की खबर है। हालांकि पाकिस्तान मारे गए सैनिकों और आतंकियों की संख्या को छिपा रहा है। सूत्रों के अनुसार जम्मू-कश्मीर के तंगधार सेक्टर में पाकिस्तान की गोलीबारी के बाद भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई के मद्देनजर रक्षा मंत्रालय भी अलर्ट है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हालात पर लगातार सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत से संपर्क में हैं। वहीं पाकिस्तान ने भी स्वीकार किया है कि भारत के हमले में उसका भारी नुकसान हुआ है। पाकिस्तान ने फायरिंग की आड़ में आतंकियों के घुसपैठ की कोशिश ऐसे समय में की थी जब सोमवार को रक्षा मंत्री और आर्मी चीफ लद्दाख दौरे पर जाने वाले हैं। मसलन भारतीय सेना की कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने भारतीय उप-उच्चायुक्त गौरव अहलुवालिया को समन जारी किया है। पीओके में आतंकी लॉन्च पैडों को तबाह करने के लिए भारतीय सेना की ओर से आर्टिलरी गन्स का इस्तेमाल किया गया, जिसके चलते पाकिस्तान को बड़ा नुकसान हुआ है। पाकिस्तान ने भी माना है कि भारतीय सेना की कार्रवाई से पीओके में भारी नुकसान हुआ है, लेकिन उसने अपने मारे गए सैनिक की संख्या सिर्फ एक बताई है। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग ने मारे गए सैनिक का नाम लांस नायक जाहिद बताया है। वहीं उसने दो सैनिकों को घायल होने की बात कही है। हालांकि उसने आतंकी ठिकानों पर हुई कार्रवाई में हुए नुकसान पर चुप्पी ठान रखी है।

### घुसपैठ की कोशिश में था पाकिस्तान

भारतीय सेना ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान गोलीबारी की आड़ लेकर जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ कराने की फिराक में था लेकिन सेना ने मौके पर ही उसे मुंहतोड़ जवाब दिया और पीओके में आतंकी कैंपों को भी तबाह कर दिया। रविवार सुबह पाकिस्तान ने बिना उकसावे के ही फायरिंग शुरू कर दी जिसमें दो भारतीय सैनिक शहीद हो गए। इसके साथ ही एक नागरिक की भी जान चली गई और तीन अन्य घायल हो गए। इसके बाद भारतीय सेना ने पाक की इस हरकत का माकूल जवाब दिया। भारतीय सेना ने नीलम घाटी के आतंकी कैंपों को निशाना बनाया।

### लद्दाख जाने वाले हैं राजनाथ और रावत

सीमा पर यह गोलीबारी लद्दाख में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण एक पुल का उद्घाटन करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और थल सेना अध्यक्ष बिपिन रावत के सोमवार को होने वाले दौरे से एक दिन पहले हुई है। राजनाथ सिंह और जनरल रावत लेह में दरबुक को चीन सीमा से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास दौलत बेग ओल्डी से जोड़ने वाली नवनिर्मित सड़क पर बने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण पुल का उद्घाटन करने पूर्वोत्तर लद्दाख का दौरा करने वाले हैं। पुल का नाम भारतीय सेना के प्रतिष्ठित सैनिक कर्नल शेवांग रिनशेन के नाम पर रखा गया है। कर्नल लद्दाख के रहने वाले थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कश्मीर मसले पर विरोध के चलते पीएम मोदी ने रद्द की तुर्की की यात्रा?

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कश्मीर मामले पर तुर्की को पाकिस्तान का समर्थन करना भारी पड़ गया है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगान द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर मुद्दा उठाने और तुर्की द्वारा फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ ख्न्न्ख्र्र) बैठक में खुलकर पाकिस्तान का साथ देने के बाद, भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित तुर्की यात्रा को रद्द कर दिया है। मोदी एक बड़े निवेश सम्मेलन में भाग लेने के लिए 27-28 अक्टूबर को सऊदी अरब जा रहे हैं। उन्हें वहां से तुर्की जाना था लेकिन अब वह वहां नहीं जाएंगे। तुर्की और भारत के रिश्तों में कभी बहुत गर्मी नहीं रही लेकिन इस यात्रा के रद्द होने से साफ है कि दोनों देशों के रिश्तों में खटास पैदा हो गई है। मोदी की अंकारा यात्रा पर सैद्धांतिक रूप से सहमति बनी थी और इसमें अन्य मुद्दों के अलावा व्यापार और रक्षा सहयोग पर बात होनी थी। विदेश मंत्रालय ने इस यात्रा पर कोई जानकारी नहीं दी है। एक सूत्र ने कहा, यात्रा पर कोई फैसला नहीं हुआ था। इसलिए इसे रद्द किए जाने जैसी कोई बात ही नहीं है।

### होटल में बैग और खून से सने कपड़े बरामद

**» कमलेश तिवारी हत्याकांड में बड़ा खुलासा**

**लखनऊ (आरएनएस)।** कमलेश तिवारी हत्याकांड में पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। कमलेश तिवारी के हत्यारे जिस होटले में ठहरे थे, वहां से पुलिस ने दोनों के सामान बरामद किए हैं। दोनों हत्यारे लखनऊ के ही नाका थाना क्षेत्र के खालसा इन होटल में ठहरे थे। जहां से पुलिस ने भगवा कपड़े और बैग बरामद किए थे। वहीं बरामद कपड़ों पर खून भी लगा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने संदिग्ध सामान को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, शनिवार रात को जांच में जुटी पुलिस टीम को सूचना मिली कि पश्चिम क्षेत्र अंतर्गत होटल खालसा इन के कमरे में कुछ भगवा कपड़े और बैग पड़ा है। इस सूचना पर लखनऊ पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर फील्ड यूनिट को बुलाकर विभिन्न सबूत जमा किए गए। उच्च अधिकारियों द्वारा भी मौका मुआयना किया गया है। जांच में सामने आया है कि अशफाक और मोईनुद्दीन ने होटल में कमरा बुक कराया था। दोनों असली नाम से ही आकर होटल में रुके थे। जानकारी के मुताबिक, 17 अक्तूबर को रात 11 बजे होटल आए थे। 18 अक्टूबर को सुबह साढ़े 10 बजे होटल से निकल गए।

### वैश्विक सहयोग को मजबूत बनाने की जरुरतः सीतारमण

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय वित्त मंत्री, निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक आर्थिक जोखिम और असंतुलन ने सरकारी पहलों के अलावा बहुपक्षीय स्तर पर वैश्विक सहयोग को मजबूत बनाने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने वाशिंगटन डीसी अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की जारी वार्षिक बैठक 2019 में कल अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और वित्तीय समिति (आईएमएफसी) के पूर्ण सत्र के दौरान ऐसा कहा। वित्त मंत्री ने कहा कि विभिन्न देशों द्वारा राजकोषीय, मौद्रिक और संरचनात्मक उपायों के मिश्रण को लागू करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर, एक कार्यनीति और संतुलित दृष्टिकोण विकास क्षमता को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को ऐसे समाधान उपलब्ध कराने चाहिए जो वर्तमान समस्या को कम करने में सहायता प्रदान करने के लिए विकास के महत्वपूर्ण भूगोलशास्त्र के लिए विनिर्दिष्ट हों। उन्होंने यह भी कहा कि आईएमएफ को एक नीतिगत ढाँचा तैयार करना चाहिए जो पूंजी प्रवाह की अर्थव्यवस्थाओं की कमजोरियों का आकलन करेगा और तीव्र नैदानिक उपायों के साथ मजबूत निगरानी तंत्र को विकसित करेगा और कमजोर अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की भी रोकथाम करेगा।

# रेलवे बोर्ड का 25 फीसदी घटेगा आकार

### » अधिकारियों की होगी छंटनी व तबादले

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रेलवे ने 200 सदस्यों वाले रेलवे बोर्ड में 25 फीसदी कटौती करके इसका आकार घटा कर 150 सदस्यों तक करने की योजना बनाई है। मसलन रेलवे में छंटनी के लिए अधिकारियों के तबादले भी किये जाएंगे।

रेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार रेलवे बोर्ड की दक्षता बढ़ाने के लिए उसके आकार को कम करने की योजना काफी लंबे समय से विचाराधीन हे, जिसका प्रस्ताव प्रस्ताव वर्ष 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने पेश किया था। सरकार ने राष्ट्रीय परिवहन की शीर्ष नीति निर्धारण इकाई का आकार कम करने का प्रस्ताव दिया था। सूत्रों की माने तो मौजूदा समय में रेलवे बोर्ड में 200 अधिकारी हैं। इनमें से निदेशक स्तर के 50 अधिकारियों और इससे अधिक को जोनल रेलवे में स्थानांतरिक करके इसका आकार घटा कर 150 लोगों का किया जाएगा। यह काफी समय से लंबित है और ऐसा महसूस किया जा रहा था कि बहुत सारे लोग एक जैसा काम कर रहे हैं और दक्षता बढ़ाने के लिए जोन में वरिष्ठ अधिकारियों की आवश्यकता है। सूत्रों ने बताया कि इस योजना को शीघ्र ही अमल में लाया जाएगा। यह योजना रेल मंत्री पीयूष गोयल द्वारा पेश 100 दिन के एजेंडा का हिस्सा है और रेलवे बोर्ड के वर्तमान अध्यक्ष वी के यादव की प्राथमिकता है। सूत्रों ने यह भी जानकारी दी है कि 2015 में भारतीय रेलवे पर बिबेक देबरॉय समिति द्वारा रेलवे बोर्ड के पुनर्गठन की भी सिफारिश की हुई है। सूत्रों के अनुसार रेलवे बोर्ड का पुनर्गठन मंत्रालय की कायापलट की शुरुआत मात्र है।





### जल्द शुरू होगी छंटनी की प्रक्रिया

सूत्रों के अनुसार रेलवे बोर्ड में जल्द ही अधिकारियों की छंटनी की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। वर्तमान रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष वीके यादव के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता भी है। सूत्रों के मुताबिक काफी समय से रेलवे में माना जा रहा है कि बार्ड में एक काम करने के लिए ज्यादा अधिकारी हैं। वहीं जोन्स में इनकी संख्या कम। कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए जोन्स में अधिकारियों की जरुरत है।

# फिलीपींस और भारत में दोस्ती का मजबूत बंधनः कोविंद

**» राष्ट्रपति ने फिलीपींस में भारतीय समुदाय को संबोधित किया**




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद फिलीपींस के मनीला में रविवार को भारत के राजदूत जयदीप मजूमदार द्वारा आयोजित भारतीय समुदाय स्वागत समारोह में शामिल हुए।

उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि फिलीपींस में भारतीय समुदाय दशकों से दोनों देशों के बीच दोस्ती का मजबूत बंधन है। पिछले कुछ वर्षों में प्रवासी भारतीयों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। ये सभी लोग फिलीपींस की अर्थव्यवस्था और समाज में भारत और भारतीयों की छवि को बढ़ावा देने में योगदान दे रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि नए भारत का निर्माण करने के हमारे प्रयासों में हमें प्रवासी भारतीयों की सहायता और सहयोग की आवश्यकता है।

# भारतीय संस्कृति की परंपराओं को नई शिक्षा नीति का हिस्सा बनाना जरूरीः नायडू



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने बुजुर्गों के प्रति बुरे बर्ताव को सामाजिक बुराई बताते हुये कहा है कि युवा पीढ़ी को इस बुराई से दूर रख कर देश के उज्जवल भविष्य के लिये भारतीय सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और इनके इतिहास को नयी शिक्षा नीति का हिस्सा बनाना जरूरी है।

नायडू ने रविवार को 'वरिष्ठ नागरिक सम्मान' समारोह में कानूनविद के. पारासरन को सबसे विख्यात वरिष्ठ नागरिक सम्मान से नवाजते हुये कहा कि भारतीय सभ्यता में अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान का जो भाव हमें सिखाया जाता है, उन मूल्यों पर हमें गर्व है, जिसके कारण ही समाज में वरिष्ठ जनों को आदर के साथ शीर्ष स्थान पर प्रतिष्ठित किया जाता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग, परिवार की प्रतिष्ठा, परंपराओं और औचित्यपूर्ण मूल्यों के संरक्षक होते हैं। मौजूदा दौर में यह कड़ी टूट गयी है जिसे इस पीढ़ी में जोड़ने की जरूत है। उपराष्ट्रपति ने माता पिता को अकेले उन्हीं के हाल पर छोड़ने की नयी पीढ़ी में बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि बुजुर्गों के प्रति यह बर्ताव सामाजिक बुराई है और यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

# सेनाध्यक्ष बिपिन रावत के संपर्क में रक्षा मंत्री राजनाथ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर के तंगधार सेक्टर में रविवार को पाकिस्तानी सेना ने संघर्ष विराम का उल्लंघन कर आतंकियों को घुसपैठ कराने की नापाक कोशिश करने के प्रयास को भारतीय सेना द्वारा दिये गये करारा जवाब के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेनाध्यक्ष जनरल बिपिन रावत से घाटी की परिस्थिति को लेकर बातचीत की है। रक्षा मंत्री व्यक्तिगत तौर पर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने सेनाध्यक्ष से कहा है कि वह उन्हें अपडेट करते रहें। यह जानकारी सूत्रों के हवाले से दी गई है।



गौरतलब है कि पाकिस्तान द्वारा संघर्षविराम का उल्लंघन करने के बाद भारतीय सेना ने उसे जवाबी कार्रवाई की। सेना ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) स्थित नीलम घाटी इलाके में आतंकियों के चार लॉन्चिंग पैड को निशाना बनाया और नष्ट कर दिया। बताया जा रहा कि भारतीय सेना की इस कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी नुकसान हुआ है। पाकिस्तान के 4-5 सैनिक मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं। सेना ने आतंकी कैंपों को निशाना बनाने के लिए आर्टिलरी गन का इस्तेमाल किया। रविवार को कुपवाड़ा जिले के तंगधार सेक्टर के गुंडी गुजरा में पाकिस्तानी सेना ने रात दस से सुबह चार बजे तक गोलीबारी की। जिसमें सेना के दो जवान शहीद हो गए। इसके अलावा एक नागरिक की मौत हो गई और तीन घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पाकिस्तान की तरफसे हुई भारी गोलीबारी में मकानों को नुकसान भी हुआ है। इससे पहले उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले में आतंकियों ने शनिवार को एक बार फिर लोगों में दहशत फैलाने का प्रयास किया। मुख्य बाजार में एक दुकानदार को निशाना बनाकर गोलियां चलाई, लेकिन वह बच निकला।

# बॉलीवुड और कला जगत की हस्तियों से मिले पीएम मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी के 150वें जयंती वर्ष को लेकर कला और सिनेमा जगत की दिग्गत हस्तियों से मुलाकात की। अभिनेता आमिर खान, शाहरुख खान समेत बॉलीवुड की कई दिग्गज हस्तियां इस कार्यक्रम में शामिल हुईं और गांधी जी से जुड़े कार्यक्रमों को लेकर अपने सुझाव दिए।



पीएम आवास 7, लोककल्याण मार्ग पर पीएम नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कहा कि गांधी के विचार सादगी के पर्याय हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि रचनात्मकता की शक्ति अपार है और हमारे देश के लिए रचनात्मकता की इस भावना का इस्तेमाल करना जरूरी है। महात्मा गांधी के आदर्शों को लोकप्रिय बनाने के लिए फिल्मों और टेलीविजन की दुनिया के कई लोग महान काम कर रहे हैं। इस बैठक के दौरान पीएम मोदी ने फिल्म जगत की हस्तियों से डांडी में बने गांधी म्यूजियम घूमने की अपील की। यही नहीं पीएम मोदी ने कहा कि आप लोगों को स्टेच्यू ऑफयूनिटी भी जाना चाहिए, जहां देश और दुनिया से लोग आ रहे हैं। कार्यक्रम से जुड़ी जानकारियां खुद पीएमओ के ट्विटर अकाउंट से साझा की गई हैं। इस मौके पर बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान, आमिर खान, कंगना रनौत सहित कई दिग्गज हस्तियां मौजूद रहीं। इस दौरान शाहरुख खान ने पीएम मोदी और आमिर खान के साथ एक सेल्फी भी ली।

## भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ने डेब्यू प्रतियोगिता में फिल्मों की घोषणा की

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत के 50वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ने अपनी डेब्यू (प्रथम प्रदर्शन) प्रतियोगिता वर्ग की फिल्मों की घोषणा की है। पिछले 50 वर्षों में यह महोत्सव कई फिल्म निर्माताओं के लिए लांच पैड रहा है। इसका उद्देश्य इस वर्ग में वर्ष के पहली बार बने सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्माताओं को सामने लाना है। अमीन सिदी-ब्यूमेडीन द्वारा निर्देशित अल्जीरियाई फिल्म अबू लीला, ली चांग-जौन की कोरियाई फिल्म रोमैंग, मारियस ओल्टीनु की रोमन फिल्म मॉन्स्टर्स, स्टीवन ओरिट की अमेरिकी फिल्म माई नेम इज सारा और महिला फिल्मकार इवा कूल की फिल्म क्लियो, वे फिल्में हैं जिन्हें इस वर्ष डेब्यू प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। अभिषेक शाह की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म हेलारो और मनु अशोकन की मलयालम फिल्म उयारे 50वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फीचर फिल्म पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली भारतीय फिल्में हैं।

# गुमनामी प्राचीन हिंदू शासकों को राष्ट्रनायक घोषित करेगी भाजपा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदचिन्हों पर चलने वाली भाजपा ऐसे हिंदू राजाओं को सामने लाने जा रही है, जो इतिहास की गुमनामी में हैं। कुछ दर्ज हैं भी तो उन्हें उतना महत्व नहीं दिया गया है। ऐसे राजाओं को खोजकर भाजपा उन्हें राष्ट्र नायक के रूप में पेश करेगी।

आरएसएस की तरह भाजपा का भी मनाना है कि कई ऐसे कई हिंदू शासक हुए हैं, जो राष्ट्र के हित में जुटे रहे लेकिन इतिहासकारों की उपेक्षा की वजह से वे गुमनाम रहे। उनके पराक्रम के कारण हिंदू संस्कृति और सभ्यता को बचाया गया था। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में दो दिन की संगोष्ठी का आयोजन किया गया, तो हर किसी को स्कंदगुप्त का नाम सुनने को मिला। संगोष्ठी में पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने स्कंदगुप्त विक्रमादित्य के बारे में कहा कि इनके साथ इतिहास में बहुत अन्याय हुआ है। उन्हें इतनी प्रसिद्धि नहीं मिली, जिनके वह हकदार थे। इस संगोष्ठी के बाद लोगों के मन में उत्सुकता जगी कि आखिर स्कंदगुप्त कौन थे, जिनके जीवन पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एक आरएसएस प्रचारक ने बताया कि स्कंदगुप्त, सुहेलदेव, हेमचंद्र विक्रमादित्य, दक्षिण के आंध्र प्रदेश में विजयनगर के कृष्णदेव राय जैसे प्राचीन शासकों को लोग कम जानते हैं। पुरु (पोरस) ने तो सिकंदर को परास्त किया था। बावजूद इसके उन्हें वह सम्मान नहीं प्राप्त हुआ, जिसके वे हकदार थे।